18.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

परियोजना

कुल्लू ज़िले में एक सौ 26 मैगावॉट क्षमता की लारजी जल विद्युत परियोजना को पूरी तरह बहाल कर कार्यशील कर दिया गया है। गौरतलब है कि ये परियोजना 9 और 10 जुलाई 2023 को ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस परियोजना को बहाल करने के लिए राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इंजीनियरों और कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की है। वर्तमान में परियोजना के तीनों टरबाइन कार्यशील हैं और विद्युत उत्पादन आरम्भ कर दिया गया है। भविष्य में होने वाली प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए परियोजना की सुरक्षा में कई निवारक उपाय किए गए हैं।

अग्निहोत्री

राज्य परिवहन विभाग ने बीते वित्त वर्ष में 9 सौ 12 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है जो वर्ष 2023–24 के मुकाबले एक सौ 32 करोड़ रूपए अधिक है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि इस वित्त वर्ष में विभाग के राजस्व में और अधिक इज़ाफा होगा और इसे एक हज़ार करोड़ तक करने का लक्ष्य रखा गया है।

अग्निहोत्री ने बताया कि परिवहन विभाग एक हज़ार नए रूट देने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 23 पैट्रोल पंपों पर कम्पनियों ने चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए हैं।

जयराम–बिंदल

प्रदेश में भाजपा की तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आज कुल्लू के नग्गर में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा ऑप्रेशन सिंदूर के जांबाज़ जवानों को देशवासियों का नमन है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर के रूप में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई के साथ–साथ सरकार द्वारा भी पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए गए हैं।

दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देशभर में भारत की सफलता को लेकर उत्साह और उमंग का वातावरण है जो भारत की देशभक्ति का परिचायक है। उन्होंने कहा कि

चारों संसदीय क्षेत्रों के चार केन्द्रों शिमला, धर्मशाला, मण्डी और हमीरपुर में बड़ी यात्राएं निकालने के बाद भाजपा के सभी मण्डलों पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। बिंदल ने कहा कि यात्राएं निकालने का ये क्रम शुरू हो चुका है और इसे 25 मई तक पूरा करने का लक्ष्य है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि फिजियोथैरेपी स्वास्थ्य सेवा के लिए महत्वपूर्ण आयामों में से एक है और इसके माध्यम से रोगियों के उपचार व उन्हें स्वस्थ रखने में विशेष मदद मिलती है। वे आज सोलन ज़िले के वाकनाघाट स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। धनीराम शांडिल ने कहा कि फिजियोथैरेपी पुराने रोगों को जड़ से खत्म करने का एक बेहतर विकल्प है और ये शरीर को और अधिक स्वस्थ व मज़बूत बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी गर्भावस्था से वृद्धावस्था तक विभिन्न रोगों के उपचार का कारगर माध्यम है।

मौसम

प्रदेश में अगले कुछ घंटों में ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से 19 और 20 मई को कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के मौसम वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि कल 19 मई को वर्षा के साथ–साथ आंधी–तूफान, आसमानी बिजली गिरने और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

नमस्कार